# 2 संख्याओं की उछल कूद




राधिका, गौरी, विक्की, इंदिरा और सुनील इमली के बीज इकट्ठा कर रहे थे।

- सबसे अधिक बीज _______ ने इकट्ठे किए।
- सुनील _______ बीज और इकट्ठे करेगा तो उसके बीज विक्की के बराबर हो जाएँगे।
- अगर राधिका को और 6 बीज मिल जाते हैं तो उसके पास _______ बीज हो जाएँगे।
- कितने बच्चों के पास 40 से अधिक बीज हैं? _______
- _______ को 3 और बीज चाहिए ताकि उसके पास पूरे 50 बीज हो जाएँ।
- सुनील के पास 40 से 2 बीज कम हैं और _______ के पास 40 से 2 बीज अधिक हैं।




2022-23

## बिंदियों का खेल

अंदाज़ा लगाओ कि गोले के अंदर कितनी बिंदियाँ हैं। अब उन्हें गिनो और देखो कि तुम्हारा अंदाज़ा कितना सही है। अलग-अलग गोले बनाकर यह खेल अपने दोस्तों के साथ खेलो और देखो कि कौन सबसे अच्छा अंदाज़ा लगाता है।



बच्चों के साथ कुछ ऐसे रोचक अभ्यास कराने की ज़रूरत है जिसमें वे देखकर संख्या का अंदाज़ा लगा सकें चाहे कुछ चीज़ें बेतरतीब ढंग से रखी हों या समूह में। अंदाज़ा के अभ्यास के लिए शिक्षक ऐसे कई रोचक उदाहरण सोच सकते हैं जैसे बाज़ार में बिकने वाली पत्तों की गड्डी, स्कूल की सभा, मैदान में जमी भीड़, टोकरियों और चटाइयों पर बने डिज़ाइन आदि। इन अभ्यासों से बच्चे भिन्न-भिन्न संख्याओं के बारे में सोचेंगे, अंदाज़ा लगाएंगे। इस पुस्तक में कई जगह चींटी आकर बच्चों को अंदाज़ा लगाने की बात कहती है।



2022-23

© NCERT not to be republished

## धोनी की 'सेंचुरी'

भारत और दक्षिण अफ़्रीका के बीच एक दिन का क्रिकेट मैच गुवाहाटी में.........., भारत पहले बल्लेबाजी कर रहा है.........




### नीचे दिए गए खाली स्थान को भरें:

धोनी ने 96 + _____ = _______ रन बनाए।

इन खिलाड़ियों को शतक बनाने के लिए कितने रनों की ज़रूरत होगी?


| | *रन बनाए* | *शतक बनाने के लिए रनों की ज़रूरत* |
|---|---|---|
| खिलाड़ी 1 | 93 | _______ |
| खिलाड़ी 2 | 97 | _______ |
| खिलाड़ी 3 | 89 | _______ |
| खिलाड़ी 4 | 99 | _______ |

संख्याओं की समझ केवल क्रम में गिनती बोलने से नहीं बल्कि उन्हें परिचित संदर्भों से जोड़ने से विकसित होती है। यहाँ 'शतक' रन बनाने के संदर्भ में प्रयोग किया गया है। शिक्षक तीन अंकों की संख्याओं के लिए बच्चों की रोज़ की ज़िंदगी से जुड़े कुछ और उदाहरण सोच सकते हैं। बच्चों को ऐसी बड़ी से बड़ी संख्याएँ भी बोलने के लिए उत्साहित कीजिए जिसे वे अभी पढ़ और लिख नहीं सकते।




2022-23

© NCERT not to be republished





**खाली स्थान भरो:**

| ***99-112*** | | ***195-206*** | |
|---|---|---|---|
| *संख्या (अकों में)* | *संख्या (शब्दों में)* | *संख्या (अकों में)* | *संख्या (शब्दों में)* |
| 99 | निन्यानवे | 195 | एक सौ पंचानवे |
| 100 | एक सौ | 196 | एक सौ छियानवे |
| 101 | एक सौ एक | 197 | एक सौ सत्तानवे |
| 102 | ____________ | 198 | एक सौ अट्ठानवे |
| 103 | एक सौ तीन | ____ | एक सौ निन्यानवे |
| 104 | एक सौ चार | 200 | दो सौ |
| ____ | एक सौ पाँच | 201 | दो सौ एक |
| 106 | एक सौ छः | ____ | ____________ |
| 107 | ____________ | 203 | दो सौ तीन |
| ____ | एक सौ आठ | ____ | दो सौ चार |
| 109 | एक सौ नौ | 205 | दो सौ पाँच |
| 110 | एक सौ दस | 206 | ____________ |
| 111 | एक सौ ग्यारह | | |
| ____ | एक सौ बारह | | |




© NCERT not to be republished

## विश्व कप क्रिकेट के सबसे बड़े दस स्कोर





| खिलाड़ी | स्कोर | खिलाड़ी | स्कोर |
|---|---|---|---|
| ए.पी.जे. | 128 | एम.डी. | 178 |
| ए.एस. | 100 | पी.के. | 105 |
| सी.के. | 99 | एस.टी. | 141 |
| डी.एम. | 162 | टी.पी.के. | 112 |
| के.एस.पी. | 152 | वी.वी.एस. | 127 |




* सी. के. शतक तक पहुँचते-पहुँचते रह गया। उसे एक शतक बनाने के लिए और कितने रन चाहिए थे? __________
* __________ और __________ ने लगभग बराबर रन बनाए।
* __________ ने एक पूरा शतक बनाया, न कम, न ज़्यादा।
* किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज़्यादा रन हैं __________
* __________ और __________ के बीच बनाए गए रनों का अंतर केवल एक था।
* __________ ने एक शतक और आधे शतक से दो रन ज़्यादा बनाए।

© NCERT not to be republished





## 10 की गिनती में

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | 110 | 310 | ______ |
| 20 | ______ | ______ | 720 |
| 30 | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | 780 |
| ______ | 190 | ______ | ______ |
| 100 | 200 | 400 | ______ |




## 50 की गिनती में

| | |
|---|---|
| 200 | 550 |
| 250 | ____ |
| ____ | 650 |
| 350 | ____ |
| ____ | 750 |
| ____ | ____ |
| 500 | 850 |

* इस तरह तुम कहाँ तक जा सकते हो?
* वह सबसे बड़ी संख्या क्या है जिसे तुम बोल सकते हो? ________

© NCERT not to be republished

## रंग बिरंगी संख्याएँ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 744 | 810 | 45 | 401 | 54 |
| 555 | 374 | 171 | 261 | 159 |
| 656 | 140 | 179 | 891 | 16 |
| 195 | 155 | 410 | 159 | 685 |
| 454 | 136 | 60 | 74 | 699 |
| 800 | 445 | 642 | 202 | 943 |

***नीचे लिखी संख्याओं को ऊपर दिए गए चार्ट में ढूँढ़कर रँगो।***

| *हरा* | *लाल* | *पीला* |
|---|---|---|
| एक सौ चालीस | चौवन | चार सौ पैंतालीस |
| दो सौ दो | साठ | सोलह |
| दो सौ इकसठ | एक सौ पंचानवे | एक सौ उनसठ |
| आठ सौ | पाँच सौ पचपन | छः सौ पचासी |
| 300 + 70 + 4 | 600 + 40 + 2 | 600 + 90 + 9 |
| 600 + 50 + 6 | 100 + 70 + 9 | 70 + 4 |
| 5 + 50 + 100 | 800 + 10 | 1 + 90 + 80 |

© NCERT not to be republished

## ये चले कूदते फाँदते....




गबरू, बन्नी और टर्रू
मज़े-मज़े से सारे रास्ते कूदते-फाँदते
चले। गबरू हर सातवें खाने में कूद रहा था, बन्नी हर पाँचवें खाने में कूद रही थी, टर्रू हर चौथे खाने में कूद रहा था।


गबरू ने 90 वाले खाने से कूदना शुरू किया।

बन्नी ने 99 वाले खाने से कूदना शुरू किया।

टर्रू ने 106 वाले खाने से कूदना शुरू किया।



not to be republished © NCERT




बन्नी की दसवीं छलाँग ______ वाले खाने पर है।

टर्रू की दसवीं छलाँग ______ वाले खाने पर है।

गबरू की दसवीं छलाँग ______ वाले खाने पर होगी।

गबरू और बन्नी दोनों ही 104 और ______ वाले खानों में कूदेंगे।

**पता करो**

- टर्रू और बन्नी दोनों ही ______, ______, ______ और ______ खानों पर कूदेंगे।
- क्या कोई ऐसा खाना भी है जिसमें सभी तीनों कूदेंगे? ______
- अंदाज़ा लगाओ कि इनमें से कौन सबसे कम छलाँगों में आखिर तक पहुँचेगा? __________ कूदेगा __________ वीं छलाँग में

© NCERT not to be republished

**क्लास, कूद!**




2 कदम आगे कूदो

104, 106, 108, ______, ______, ______, ______,

2 कदम पीछे कूदो

262, 260, 258, ______, ______, ______, ______

10 कदम आगे कूदो

110, 120, 130, ______, ______, ______, ______

10 कदम पीछे कूदो

200, 190, 180, ______, ______, ______, ______


इस पैटर्न को आगे बढ़ाओ

550, 560, 570, ______, ______, ______, ______

910, 920, 930, 940, ______, ______, ______, ______

209, 207, 205, ______, ______, ______, ______

401, 402, 403, ______, ______, ______, ______









2022-23

## अनोखी दुकान


यह जंगल की एक दुकान है। मनमौजी दुकानदार केवल दस और सौ की थैलियों में सामान देता है दस से कम होने पर खुली चीज़ें देता है।




पता लगाओ कि अलग-अलग जानवरों ने दस और सौ की कितनी कितनी थैलियाँ लीं और कितनी चीज़ें खुली लीं।

| | | *100 की थैलियाँ* | *10 की थैलियाँ* | *खुली हुई चीज़ें* |
|---|---|---|---|---|
|  | 143 |  |  |  |
|  | 210 | ____ | ____ | ____ |
|  | 242 | ____ | ____ | ____ |
|  | 552 | ____ | ____ | ____ |

यह दुकानदार पैसा भी एक मनमौजी ढंग से लेता है। वह केवल  का नोट,  का नोट और  का सिक्का लेता है। अब पता करो कि इन जानवरों ने जो कुछ खरीदा है उसका दाम वे कैसे देंगे।



₹ 420



₹ 143



₹ 242



₹ 55

**मैं कौन हूँ? मिलान करो।**

| | |
|---|---|
| 1. मैं 40 और 50 के बीच आता हूँ और मुझे लिखने में एक पाँच आता है | 96 |
| 2. मैं 90 के बहुत करीब हूँ और मुझे लिखने में एक 9 आता है | 150 |
| 3. अगर मेरे बाद तुम चौका लगाओ तो तुम्हारा शतक पूरा हो जाएगा | 45 |
| 4. मैं 10 के दस नोटों के बराबर हूँ | 89 |
| 5. मैं एक शतक + आधे शतक के बराबर हूँ | 87 |
| 6. मैं 77 और 97 के ठीक बीच में हूँ | 100 |

☆ इस तरह के और प्रश्न बनाएँ और उन्हें अपने दोस्तों से पूछें।


इस अध्याय में कई कहानियों और गतिविधियों का इस्तेमाल किया गया है ताकि बच्चों को दस पर आधारित संख्या प्रणाली समझने में मदद मिले। 'स्थानीय मान' यह शब्द बच्चों में अक्सर भ्रम पैदा करता है। इसका यहाँ कहीं भी इस्तेमाल नहीं किया गया है। शिक्षक को क्षेत्रीय स्तर पर प्रयोग में आने वाली दूसरी संख्या प्रणालियों का भी पता लगाना चाहिए खासतौर से तब जबकि वे जन-जाति समुदायों के साथ काम कर रहे हों।

© NCERT not to be republished


## ये कितने हैं?




________ रुपए




________ तीलियाँ




________ ब्लॉक



________ मोती




________ रुपए



**मैं कौन हूँ?**

सबसे बड़ी न संख्या भाई।
कोई भी जो संख्या आई,
मुझे जोड़कर अगली पाई।
गिनती भी मैंने करवाई।

© NCERT not to be republished




**चंदा मामा अपने दोस्त सितारों को गिनते हैं**

मैंने एक तारे को गिना और एक 1 कार्ड अपनी जेब में रखा।

एक तारे के लिए 1 2 तारे के लिए 1 1

1 1 1 1 1 कितने तारों के लिए? ____

जब मेरे पास 10 1 कार्ड हो गए, मैंने उसे इस कार्ड 10 से बदल दिया।

1 1 1 1 1 1 1 1 1 1 → 10


लेकिन मेरे दोस्त आते रहे। इसलिए मुझे और गिनते ही जाना था। मेरी जेब भर चुकी थी। इसलिए जब मेरे पास 10 वाले 10 कार्ड हो गए तो मैंने उसे 100 के एक कार्ड से बदल दिया।

10 10 10 10 10
10 10 10 10 10 → 100

लेकिन मेरे दोस्त आते ही गए, आते ही गए। मेरी जेबें पूरी भर गईं। देखो तो मेरे पास कितने कार्ड हो गए।



not to be republished © NCERT
2022-23




मेरी जेब में कौन-कौन से कार्ड होंगे अगर मैंने लिखा...

क) 19 ⟶ 


ख) 21 ⟶

ग) 95 ⟶

घ) 201 ⟶ 


ङ) 260 ⟶


च) 300 ⟶

छ) 306 ⟶

ज) 344 ⟶

झ) 350 ⟶


ञ) 400 ⟶







2022-23

जब 10 10 के दो कार्ड मेरी जेब में हो गए, तब मैं जान गया कि मैंने 20 तारे गिन लिए। अब तुम मुझे हर खाने में गिने हुए तारों की संख्या बताओ। खाली स्थान में जवाब लिखो।







अंदाज़ा लगाओ कि आसमान में मेरे कुल कितने दोस्त सितारे हैं...!!!

not to be republished NCERT